राजस्थान पत्रिका, उदयपुर, शनिवार, 24 अगस्त, 2019

जिले भर में शैक्षणिक संस्थानों में मनाई जन्माष्टमी

भगवान कृष्ण की भक्ति में झूम उठे 'बाल गोपाल'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

उदयपुर. जन्माष्टमी के पावन मौके पर 'बाल गोपाल' का रूप धरे नौनिहालों ने शैक्षणिक संस्थानों में उत्साहपूर्वक भगवान कृष्ण की भक्ति में तल्लीनता दिखाई। मटकी फोड़ आयोजनों से लेकर राधा के साथ भगवान की रास लीलाओं का चित्रण देखते ही बना। दर्शकों ने तालियां बजाई तो मोहनी सूरत वाले राधा-श्याम की जोड़ी को प्रतियोगिताओं के माध्यम से सम्मान भी मिला। न्यू भूपालपुरा स्थित सेन्ट्रल पब्लिक सी. सै. स्कूल में कृष्ण व राधा के पूजन के साथ समारोह आरंभ हुआ। कंस वध, बर्बरीक, कृष्ण के बालरूप जरासंघ वध का शिव दर्शन प्रसंगो का मंचन आकर्षण रहा।

निदेशिका अलका शर्मा ने बच्चों को सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया। आदिनाथ सी. सै. पब्लिक स्कूल, हिरण मगरी सेक्टर 11 में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बतौर अतिथि एचएस कंठालिया,

प्राचार्या ऋतु भटनागर ने शिरकत की। विद्या भवन गांधी शिक्षा अध्ययन संस्थान में आयोजित कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियों ने

दर्शकों का मन मोहा। हिरण मगरी से. 11 स्थित जवाहर जैन शिक्षण संस्था उच्च माध्यमिक विद्यालय में आकर्षक झांकियां चर्चित रहीं। श्रीराम उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोकुलपुरा, आयड़ में बाल गोपालों की कृष्ण लीलाएं आकर्षक रहीं। शिशुभारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में भगवान कृष्ण पर आधारित भजन प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य जयव्रत श्रीमाली ने आभार जताया। कृष्णा महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, सीसारमा में आयोजनों की धूम रही। इधर, अक्षर दान स्कूल एवं लाठी वृद्ध आश्रम में रोटरी क्लब मीरा की ओर से अध्यक्ष हर्षा कुमावत एवं अन्य की उपस्थिति में धूमधाम से आयोजन हुए। सेंट्रल अकादमी अंबामाता शाखा में बच्चों ने नृत्य के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी। अभिभावकों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में दर्शकों की ओर से खूब तालियां बजी। प्रधानाचार्य हनुमानप्रसाद ने बच्चों को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। रोटरी क्लब वसुधा के तत्वावधान में इंटरेक्ट क्लब शिशु रंजन एकेडमी के प्रांगण में क्लब अध्यक्ष सुरभि धींग की उपस्थिति में आकर्षक आयोजनों की धूम रही। महेश सेवा संस्थान चित्रकूट नगर में कार्यक्रम के आकर्षक नजारे देखने को मिले।

यहां भी रही धूम

ऐश्वर्या कॉलेज में मटकी फोड़ कार्यक्रम के दौरान आकर्षक नजारे देखने को मिले। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान सांस्कृतिक आयोजनों की धूम रही। विद्यार्थियों की ओर से आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। एमडीएस सीनियर सैकण्डरी स्कूल हिरण मगरी से. 3 व प्रतापनगर शाखा में आयोजन से पूर्व संस्थापिका पुष्पा सोमानी व प्राचार्या निधि माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलित किया। नौनिहालों की आकर्षक वेशभूषा देखते ही बन रही थी। निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी व प्राचार्या डॉ. निधि माहेश्वरी ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं महाभारत में कृष्ण भूमिका के माध्यम से बच्चों को आत्मविश्वासी बनने की शिक्षा दी। रोटरी मीरा की ओर से कच्ची बस्ती में संचालित अक्षरदान स्कूल में आयोजनों के माध्यम से बच्चों को भविष्य की सीख दी। अचीवर्स अकैडमी स्कूल शोभागपुरा, द यूनिवर्सल स्कूल की शाखा गुलाबबाग स्थित किड्स प्लेनेट स्कूल, चाणक्य टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बड़ी रोड टाइगर हिल स्थित महाविद्यालय, सखी मितवा क्लब सोसायटी, हिरण मगरी से. 11 स्थित आलोक संस्थान परिसर में आयोजनों की धूम रही।

मस्ती में झूमा बालमन

चित्रकूटनगर स्थित नीरजा मोदी स्कूल, 95 एफएम तड़का के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। चेयरमैन डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने बताया कि सभी हाउस के बच्चों ने कृष्ण की विभिन्न प्रकार की लीलाओं की झांकियां तैयार की। बच्चों ने राधा.कृष्ण के गीतों पर आकर्षक नृत्य किया और राधा.कृष्ण के भजनों से पूरा विद्यालय कृष्णमय हो गया। ध्रुव सोजतिया ने बताया कि इस मौके पर कई प्रतियोगिताएं हुई। निदेशक साक्षी सोजतिया ने बाल प्रतिभाओं का उत्साहवर्द्धन किया। कलड़वास स्थित माउण्ट लिट्राज़ी स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव बहुत ही उमंग के साथ मनाया गया। प्राचार्य मुनमुन चक्रवर्ती की उपस्थिति में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। इधर, मिरेण्डा सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में दही हांडी फोड़ कार्यक्रम को लेकर बालमन उत्साहित दिखा। प्रबंध निदेशक दिलीप सिंह यादव, प्राचार्य मोना पालीवाल एवं अन्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। द स्कॉलर्स एरिना संस्थान के प्रकल्प स्नातक कन्या महाविद्यालय एवं बीएड कन्या महाविद्यालय में जन्माष्टमी पर आयोजनों की धूम रही। प्रशासक डॉ. लोकेश जैन, निदेशिका डॉ. शर्मिला जैन, अकादमिक निदेशिका डॉ. माया त्रिवेदी एवं प्राचार्या डॉ. सीमा राजपुरोहित की ओर से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज हुआ। प्रतियोगियों को आवश्यक पुरस्कार भी वितरित किए गए।

आज मनाएंगे जन्माष्टमी

झूलेलाल युवा एव नारी संघ, हिरण मगरी की ओर से शनिवार को कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। पहली बार हिरण मंगरी पंचायत भवन में विशेष आयोजन होंगे। संस्थापक गिरीश राजानी ने बताया मौके पर कई आकर्षक प्रतियोगिताएं होंगी। पंचायत अध्यक्ष मुरली राजानी एवं कार्यकारिणी के सान्निध्य में आयोजन होंगे।